## श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर आज ध्वजारोहण

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में श्री श्री 1008 श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर जयनगर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत ग्राम पहरीडीह में 18 जनवरी को ध्वजारोहण किया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप से यज्ञाचार्ज सह आचार्य श्री बसंत शास्त्री सहित कई लोग उपस्थित रहेंगे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह ने बताया कि 4 फरवरी को कलश यात्रा, 5 फरवरी पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी स्थापना, दुर्गा पाठ प्रारंभ और जलाधिवास, 6 फरवरी अग्नि मंथन, दुग्धाधिवास और घृताधिवास, 7 फरवरी पुष्पा धिवास और शंकराधिवास, 8 फरवरी वस्त्राधिवास, 9 फरवरी अन्नाधिवास, 10 फरवरी महास्नान और प्राण प्रतिष्ठा, 11 फरवरी पुष्प महासिंगार और दीप महायज्ञ, 12 फरवरी हवन, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन, कन्या पूजन, बटुक भोजन, आचार्य ब्राह्मणों की विदाई, 13 फरवरी महा भंडारा और प्रतिमा विसर्जन। 04 फरवरी से 11 फरवरी 2025 तक संध्या 7 बजे आरती और भागवत और राम कथा प्रवक्ता बाल विदुषी श्री प्रभु प्रिया के द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जायेगा। 12 फरवरी संध्या 8:00 बजे से दुगोला प्रोग्राम प्रदुमन परदेसी बनाम रौशन राज के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने बनाने में यज्ञ समिति के सचिव राजकुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पंडित सहित सभी ग्रामीण महिला-पुरुष लगे हुए हैं।

## सरस्वती पूजा को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में संचालित बालिका उच्च विद्यालय में सरस्वती पूजा को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामलखन महतो की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी जायेगी। वहीं सर्व समिति से अध्यक्ष हर्षिता कुमारी, उपाध्यक्ष सलोनी कुमारी, सचिव प्रियांशु कुमारी, उपसचिव शिवानी कुमारी, कोषाध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षिका विमिली कुमारी को चुना गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो वरिष्ठ शिक्षिका विमली कुमारी, अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार, शंकर महतो, शंकर राणा, मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार, नैंसी कुमारी, अमित सिंह, प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह और छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय के कर्मियों के साथ बदसलूकी और मारपीट करने को लेकर विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गत गुरुवार को दोपहर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति का आवेदन लेकर प्रधान लिपिक लोकेश कुमार वर्मा के पास पहुंचे और तत्काल कार्य करने का दबाव बनाने लगे, उनकी बात नहीं मानने पर लोकेश कुमार वर्मा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गयी। इसके अलावा अंचल अधिकारी के विरुद्ध भी जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गयी। इस वाक्य को देखते हुए अंचल कार्यालय में उपस्थित सागर कुमार और अन्य अंचल कर्मी द्वारा रोकने के उद्देश्य से बीच बचाव किया गया, इसी दौरान आरोपी किशोर कुमार मंडल के द्वारा बीच बचाव कर रहे सागर कुमार के साथ भी धक्का-मुक्की की गयी। इस मामले को लेकर आरोपी किशोर कुमार मंडल के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। इस पर भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मांडू विधायक के द्वारा जनप्रतिनिधि कक्ष के उद्घाटन के पश्चात आमजनों के हितार्थ अंचल परिसर स्थित कार्यालय में बैठक कर लोगों की समस्याओं के निदान को लेकर अंचल लिपिक द्वारा कार्य करने को कहा गया, इस उनके द्वारा घुस की मांग की गयी और मेरे साथ गाली गलौज देकर मुझे प्रताड़ित किया गया। अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की वजह से मुझे जिल्लत झेलनी पड़ी। मेरी तरफ से किसी को गाली नही दी गयी। मेरे ऊपर लगाये गये आरोप बेबुनियाद है।

## ट्रेन से छह किलो गांजा और शराब बरामद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गांजा, शराब और अन्य नशे के कारोबार की तस्करी के लिए सड़क मार्ग के अलावा अब ट्रेन रूट भी तस्करों के लिए सेफ जोन साबित होता जा रहा है। आरपीएफ के सख्त कार्रवाई के बाद भी तस्कर आये दिन आरपीएफ को चुनौती देते हुए मादक पदार्थों की तस्करी बेधड़क कर रही है। आरपीएफ इन मादक पदार्थों की तस्करी मामलों में शराब ले जा रहे हैं तस्करों को तो पकड़ लेती है। शुक्रवार को कोडरमा स्टेशन पर कुछ ऐसा ही हुआ शराब तस्करी कर रहे तस्कर शराब के साथ तो गिरफ्तार हो गये लेकिन गांजा तस्कर आरपीएफ के चंगुल से बच गये। शुक्रवार को आरपीएफ की टीम ने कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 से संदिग्ध अवस्था में खड़े एक-एक युवक से पूछताछ के बाद जब उसकी बैग की तलाशी ली गयी, तो बैग से कई शराब की बोतले बरामद हुई। जिसकी अनुमानित राशि 41 हजार बतायी गयी। इसी क्रम में आरपीएफ ऑपरेशन नार्कोस के तहत कार्रवाई करते हुए पुरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से गांजा बरामद की। बरामद गांजे का वजन करीब 6 किलो के आसपास बताई गई जिसकी अनुमानित राशि लगभग 60 हजार आंकी गई। इस संबंध में आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक को लेकर आरपीएफ काफी सर्तक रहती है। कार्रवाई में उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सहित अन्य आरपीएफ के जवान शामिल थे।

## डेंटल कॉलेज में रक्तदान शिविर 22 को




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में श्रीनिवास ब्लड सेंटर द्वारा आगामी 22 जनवरी को समय सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। मरीज और थैलेसीमिया पीड़ित के सहयोगार्थ में यह शिविर लगाया जायेगा। शिविर में एकत्र रक्त से थैलेसीमिया पीड़ित और मरीजों को ससमय रक्त उपलब्ध करवाया जायेगा। श्रीनिवास ब्लड सेंटर की टीम पुरी सक्रियता के साथ रक्तदाताओं से रक्त संग्रह में अपना सरहानीय योगदान देंगे। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने हजारीबाग जिला के स्वैच्छिक रक्तदाताओं को शिविर में पहुंचकर अवश्य रक्तदान करने की अपील की है। रक्त पीडितो के मदद में आगे आने का आव्हान भी किया है। उन्होंने कहा है कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक करना है।

# 11 हजार घुस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**एसीबी की टीम ने करगालो में किया गिरफ्तार**

बंटी मिश्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो के पंचायत सचिव दीपक दास ग्यारह हजार रुपये घुस लेते भ्ष्टाचार्र निरोधक ब्यूरो के हत्थे चढ़े। मामला अबुआ आवास के तीसरे किस्त के भुगतान की बात सामने आयी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक करगालो गाव की चमेली देवी पति जानकी दास के नाम से अबुवा आवास योजना स्वीकृत किया गया है। दो किस्त 80 हजार रुपये मिले है निर्माण कार्य भी जारी है। तीसरे किस्त के भुगतान के लिए पंचायत सचिव दीपक दास ने चमेली देवी से ग्यारह हजार रुपये बतौर रिश्वत की मांग की। चमेली देवी रिश्वत नहीं देना चाहती थी। भ्रनि ब्यूरो हजारीबाग से जाकर पंचायत सचिव के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया। दर्ज शिकायत पर कार्यवाई करते हुए सत्यापनकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, और सत्यापन प्रतिवेदन में 11,000 रूपया रिश्वत मांगने की बात सत्य पाया गया। परिवादिनी के आवेदन और सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर पंजीकृत किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और दो सरकारी गवाह के उपस्थिति में भ्रनि ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम के द्वारा शुक्रवार को प्राथमिकी अभियुक्त दीपक दास, पिता राम दास, सा - नरैना, थाना-चलकुशा, जिला-हजारीबाग, सम्प्रति पंचायत सचिव, करगालो और अचलजामों पंचायत, अंचल - विष्णुगढ़, जिला - हजारीबाग को वादिनी से 11,000 /- रूपया रिश्वत लेते हुए रंगे हांथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद प्रखंड कार्यालय स्थित आवास लाकर जांच पड़ताल के पश्चात हजारीबाग टीम अपने साथ ले गयी।

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के संग की अपराध गोष्ठी

# अफीम की खेती करने वालों पर कार्रवाई का निर्देश

**पुराने लंबित कांडों की हुई समीक्षा, जल्द निष्पादन का दिया आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एसपी अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग द्वारा सभी थाना प्रभारीयों और पुलिस पदाधिकारियों को दिशानिर्देश दिया गया। एसपी ने पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की और सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिये। 5-10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। जमानती और गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। अवैध पोस्ता और अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। साथ ही उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया। महिला प्रताड़ना, हिंसा, अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए और एनएसए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध कोयला, बालू और पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके कर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### केमिकल डिजास्टर से संबंधित जिला स्तरीय मॉक टेस्ट का आयोजन

# डिलेवरी करने वाले से सिलेंडर लेते समय अवश्य करायें गैस लिकेज की जांच: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में केमिकल डिजास्टर से संबंधित जिला स्तरीय मॉक अभ्यास हेतु टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। टेबल टॉप एक्सरसाइज में सर्वप्रथम एनडीआरफ के पदाधिकारी ने केमिकल डिजास्टर और उसके फेमवर्क पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह भारत की एक विशेष टीम है जो आपदाओं से निपटने और उनके बाद के कामों को मैनेज करने के लिए काम करती है। यह प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए त्वरित, पर्याप्त, और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में माहिर है। उन्होंने बताया कि भारत मे कुल 16 एनडीआरफ की टीम काम कर रही है। वहीं झारखंड में कुल 4 टीम काम कर रही है। हजारीबाग में एनडीआरफ के 9वीं बटालियन काम कर रही है। टेबल टॉप एक्सरसाइज में एलपीजी भराई सयंत्र के प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि केमिकल डिजास्टर से संबंधित जिला स्तरीय मॉक अभ्यास में सिखाया जाता है कि कैसे स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को बचाया जाये, आपातकालीन स्थिति को नियंत्रित करने के तरीके, क्या करें, क्या न करें, पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान करना, अस्पताल पहुंचना आदि। तैयारी और अभ्यास करने से कई लोगों की जान, संपत्ति और आसपास की सुरक्षा होगी। अभ्यास से ऐसी घटनाओं का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। अभ्यास से मैन पावर, रिसोर्स में कितना गैप है इसका पता चलता है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि केमिकल डिजास्टर से संबंधित टेबल टॉप एक्सरसाइज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी सीधे तौर पर इससे जुड़े हुए हैं। केमिकल डिजास्टर और सिलेंडर लिकेज की रोकथाम के लिए हमे लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सिलेंडर बॉय से सिलेंडर लेते समय गैस लिकेज की जांच अवश्य करवानी चाहिए। टेबल टॉप एक्सरसाइज में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे अपर समाहर्ता संतोष सिंह, बरही एसडीओ जोहन टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, एनडीआरएफ की टीम, एलपीजी भराई संयंत्र के प्रभारी राजेश कुमार सिंहा, सभी सीओ, बीडीओ, वन विभाग के पदाधिकारी, सीसीएल, एनटीपीसी के पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों को लगी फटकार

# योजना की स्वीकृति के साथ उसकी गुणवत्ता पर ध्यान दें: अन्नपूर्णा

संजीव




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में केंद्रीय मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति और क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गयी। वहीं पेयजल विभाग समेत अन्य विभागों के टालमटोल रवैये के कारण कुछ अधिकारियों को फटकार भी लगी। बैठक के दौरान जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने निर्देशित किया कि विभाग योजना की स्वीकृति के साथ उसके गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। सरकार की योजनाओं को सही तरीके से क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि मूल रूप से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के बाद ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है। जिले में पर्यटन क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। वंचित लाभुकों तक सरकार की योजनाओं का पहुंचायें। इस दौरान उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने मनरेगा अंतर्गत चालू योजनाओं और सभी अन्य योजनाओं की जानकारी दी। जलापूर्ति योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि उपायुक्त के द्वारा एक टीम गठित कर जलापूर्ति योजना के तहत जितनी भी योजनाएं संचालित है, उनका सतत पर्यवेक्षण सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गयी समीक्षा के उपरांत सभी विभाग के संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरतने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में विधायक डॉ नीरा यादव ने 13 सहायक प्राध्यापकों को सेवा से हटाने का मामला रखा और कहा कि एक ही तरह के मामले में अलग जिलों में अलग मापदंड अपनाया जा रहा है। इससे 20 साल से भी अधिक समय तक सेवा दे चुके लोग बेरोजगार हो गये हैं। विधायक बरही मनोज यादव, विधायक बरकट्ठा अमित यादव और जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न मुद्दों पर सवाल रखे। मंत्री ने विद्यालय में पोषक वितरण की गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में उपरोक्त के अलावा जिला परिषद अध्यक्ष, सभी प्रखंडों के प्रमुख और अन्य संबंधित जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन की तरफ से उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक,जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, डीपीएम, कार्यपालक अभियंता, पेयजल और स्वच्छता विभाग, एलडीएम, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलन को लेकर बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में गणतंत्र दिवस झंडोतोलन को लेकर बैठक प्रमुख संतोष मंडल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सरकारी कार्यालय में झंडोतोलन का समय निर्धारण किया गया जिसमें 9:30 में प्रखंड सह अंचल कार्यालय, 9:35 में जेएसपीएल कार्यालय, 9:45 में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय टाटीझरिया आवासीय विद्यालय, 10 बजे थाना परिसर,10:30 में बीआरसी कार्यालय भाजपा कार्यालय में 10:15 बजे औश्र 10: 55 में शिशु विकास विद्यालय में 10:30, बजे विरहोर टोला खम्भवा में साथ ही सभी पंचायत भवन में प्रखंड कार्यालय में झंडोतोलन होने के बाद अपने समय के अनुसार झंडोतोलन किया जायेगा। बैठक में बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, महेश अग्रवाल, प्रमेश्वर यादव, नागेशवर राम, पंचायत सेवक गुडिया रानी, अनीता कुमारी, संजय कुमार, मोईन अंसारी, चंदन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में यक्ष्मा उन्मूलन अभियान



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़-गोमिया रोड़ स्थित अखाड़ा चौक के समीप आरोग्यं डायग्नोस्टिक सेंटर में शुक्रवार को सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान आरोग्यं डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक हर्ष अजमेरा और प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि सरकार के कल्याणकारी योजना के तहत सौ दिवसीय नि-क्षय शिविर हजारीबाग के द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पूरे प्रखंड में यक्ष्मा संभावित मरीजों का आज मुफ्त में आरोग्यं डायग्नोस्टिक केंद्र में एक्स-रे करने की शुरुआत किया गया। जिसमें टीबी से संभावित सभी मरीजों को चिन्हित कर एक्स-रे किया जाना है, जो बिल्कुल नि:शुल्क है। टीबी मरीजों का इलाज सिविल सर्जन डॉ एस पी सिंह हजारीबाग के निर्देशानुसार, चिकित्सा प्रभारी डॉ अरुण कुमार के निगरानी में एक्स-रे किया गया। साथ ही बताया गया कि टीबी के कई लक्षण मरीजों में पाये जाते हैं, जिसमें दो हफ्तों से ज्यादा खांसी, हल्का बुखार, छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ बलगम से खून आना लगातार वजन कम होना जैसे लक्षण पाये जाते हैं। तुरंत इसकी जानकारी स्थानीय चिकित्सा केंद्र में जाकर जांच अवश्य करवायें। मौके पर आरोग्यम डायनेस्टिक सेंटर के व्यवस्थापक आनंद कुमार सिंह, टेक्नीशियन राहुल कुमार सिंह, विशाल कुमार, सहदेव कुमार महतो, जितेंद्र कुमार, डॉक्टर अमित कुमार, टीबी डिपार्टमेंट के शुभम कुमार, अनुज सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सदर अस्पताल का निरीक्षण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉ नीरा यादव ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल में बनाये गये मॉडलर ओटी को देखा। इसके साथ ही उन्होंने सदर अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर विधायक कोडरमा डॉ नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के समीप शुक्रवार को एक पिकअप वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान जलवाबाद निवासी विजय निषाद (उम्र 20 वर्ष, पिता सुरेश निषाद) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन डोमचांच से कोडरमा की तरफ आ रहा था। जबकि युवक कोडरमा बाजार से अपने घर जा रहा था। इसी बीच पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद पिकअप वाहन को स्थानीय लोगों की सहायता से कोडरमा पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सहदेव सिंह का निधन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरचोली पंचायत अंतर्गत ग्राम गमहरबाद निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सहदेव सिंह उम्र 82 वर्ष का निधन हो गया। मृतक सहदेव सिंह ने कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहकर समाज की सेवा की हैं। उनकी पुत्रवधू पूर्व मुखिया अर्चना कुमारी महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव है। मृतक अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़कर गये हैं। उनके निधन पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद मोदी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष मिसवा उद्दीन, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष फहीम खान, मनोहर मोदी, सुधीर सिंह, सुदर्शन प्रसाद, विनय सिंह, वरुण सिंह, मनोज मोदी, सदानंद मोदी, संतोष मोदी, केदार मोदी, शशिकांत प्रसाद, सकलदेव सिंह, संतोष साव सहित कई लोगों शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## आठवां वेतन आयोग के गठन की स्वीकृति पर पेंशनर समाज ने किया हर्ष व्यक्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशन भोगियों को लाभ पहुंचाने के लिए आठवां वेतन आयोग के गठन की स्वीकृति दिये जाने पर केंद्र सरकार के कर्मियों, पेंशन भोगियों सहित राज्यों के कर्मियों और पेंशन भोगियों में काफी हर्ष है। झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा ने इस घोषणा से भारत के प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों की सराहना की है। हर्ष व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष नारायण मोदी, सचिव नारायण सिंह, संयुक्त सचिव रामनरेश चौधरी, चंद्रिका प्रसाद, महेश्वर पांडेय, उमाशंकर प्रसाद, नरेश झा, मथुरा प्रसाद चौधरी, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र मिस्टकार, रामदेव मंडल, सहदेव प्रसाद, सुभाष शर्मा, बलदेव मोदी, गौरी सहाना, उर्मिला देवी, रामेश्वर प्रसाद सिंह, द्वारिका प्रसाद सिंह, मदन मोहन ओझा, गायत्री कुमारी, महेश्वर सिंह, नागेश्वर प्रसाद सिंह, महेश्वरी प्रसाद यादव और अन्य शामिल हैं।

## श्याम उत्सव भजनों का महाकुंभ 22 को

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम सेवा मंडल का प्रथम श्याम उत्सव भजनों का महाकुंभ 22 जनवरी को झुमरीतिलैया के गुरुद्वारा रोड जिला पंजाबी धर्मशाला में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी के अध्यक्ष जोशी कुमार, सचिव बबलू पहाड़ी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया सुनहरी शाम बाबा श्याम के नाम का प्रथम संकीर्तन में बाबा श्याम का भव्य दरबार लगाया जायेगा और 56 भोग अर्पित किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
09

## मुरली बगीचा निवासी ने पारिवारिक विवाद में फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के डीएसपी रोड मुरली बगीचा निवासी 43 वर्षीय शत्रुघ्न सोनी ने शुक्रवार की सुबह 9:00 बजे घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिवार वाले दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और फंदे से नीचे उतारकर उसे सदर अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया मृतक शहर के हिंदुस्तान होटल में काम करता था। अक्सर वह शराब का नशा करता था। गुरुवार की रात इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। शत्रुघ्न शुक्रवार की सुबह होटल गया जहां से नाश्ता भी किया जिसके बाद घर वापस आ गया। शराब पीने को लेकर सुबह भी पत्नी बाद विवाद हुआ। इसके बाद कमरे के अंदर जाकर उसने फांसी लगा लिया। मामले की जानकारी गुमला थाना को दी गयी गुमला थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंच आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## झंडोत्तोलन की समय सारिणी तय



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बीडीओ सुलेमान मुंडरी के अध्यक्षता में आगामी 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को सफलता पूर्वक मनाने को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में कार्यक्रमों को लेकर कई तरह के सुझाव सामने आया। उसके बाद गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गयी। बैठक में प्रखंड कार्यालय सहित मुख्यालय में झंडोत्तोलन का समय का भी निर्धारण किया गया। 7 बजे से सर्व प्रथम प्रखंड मुख्यालय में लगे महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण झंडोत्तोलन उपरांत जतरा टाना भगत के प्रपौता विश्वा टाना भगत को सम्मानित किया जायेगा। झंडोत्तोलन प्रखंड कार्यालय परिसर में 8:00 बजे, थाना परिसर में 8:20, कस्तूरबा गांधी 8:50, आवासीय विद्यालय चपा टोली 8:40, कृषि विज्ञान केंद्र 9:00, विकास भारती 9:10, सभी पंचायत सचिवालय में 9:30 बजे, प्रखंड मैदान 9:45 निर्धारित की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से सीओ शेखर वर्मा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, पशुपालन पदाधिकारी डॉ मीनू, एसआइ कामु पासवान, जिप सदस्य पवन उरांव, मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, शुसील मुंडा, संत कवि भगत, जितेंद्र भगत, जयप्रकाश बडाईक सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रंहे में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक भवानी प्रसाद राय, निदेशक विजय साहू और सुशील टोप्पो ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान और नवाचार से संबंधित विभिन्न मॉडल का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भवानी प्रसाद राय ने कहा वैज्ञानिक सोच अभिरुचि जागरूकता और नवाचार को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी महत्वपूर्ण योगदान देता है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने तकनीक स्वचालित प्रणालियों जल संरक्षण, भूकंप, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, सड़क सुरक्षा, आधुनिक सिंचाई पद्धति साथ ही जीवन को सरल और सुगम बनाने में उपयोगी तकनीक पर अनेक मॉडल का निर्माण किया गया। सुशील टोप्पो ने कहा छात्रों का विज्ञान प्रदर्शनी सराहनीय है बच्चों का विज्ञान प्रदर्शन से भविष्य उज्जवल होगा। एपीजे अब्दुल कलाम, होमी जहांगीर भाभा और आर्यभट्ट की छवि बच्चों में दिखती है। निदेशक विजय कुमार साहू ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। बेहतर मॉडल बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सुशील टोप्पो, विजय साहू, रशिम टोपो, मीणा देवी, तारामुणी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## 42वां स्थापना दिवस पर 42 जगह हो रही युवा विकास महोत्सव सह कृषि प्रदर्शनी




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विकास भारती बिशुनपुर के 42वां स्थापना दिवस के अवसर पर 42 जगह किये जा रहे युवा विकास महोत्सव 2025 सह कृषि प्रदर्शनी के अंतर्गत शुक्रवार को घाघरा प्रखंड के सेहल बंसी टोली में किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कलवारी उरांव ने की। इस दौरान कलवारी उरांव ने विकास भारती संस्था से जुड़कर किसान की हो रही आर्थिक स्थिति में बदलाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को संस्थान से जुड़ने की आग्रह किया। वैज्ञानिक डॉक्टर नीरज कुमार वैश्य के द्वारा रवि मौसम में लगी हुई फसलों के प्रबंधन पर विशेष चर्चा करते हुए तेलहनी फसलों में कीट प्रबंधन पर जोर दिया गया। 10 महिला पुरुष किसानों को संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बिंदेश्वर उरांव, सुनीता उरांव, तेतरी उरांव, रोपना भगत, कालामुन्नी उरांव, बहुरा उरांव, सोमारी उरांव, तेतरी उरांव और राहुल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हेलमेट जागरूकता अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केंद्र संगठन गुमला और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) परमवीर अल्बर्ट इक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर के संयुक्त तत्वावधान में 17 जनवरी से 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है।अभियान के पहले दिन, एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उन लोगों को फूल भेंट किए जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था और उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। य्कार्यक्रम में ठरर के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार और अंजना कुजुर उपस्थित रहे। साथ ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहयोग किया और उपस्थित होकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान, लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी और बताया गया कि हेलमेट पहनने जैसे छोटे-छोटे कदम सड़क दुर्घटनाओं से बचाने में कितने महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इस अभियान को क्षेत्रीय जनता का भरपूर समर्थन मिला और यह उम्मीद की जा रही है कि यह जागरूकता अभियान समाज में सुरक्षित यातायात के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करेगा।

# प्रेम संबंध में डेढ़ वर्षीय मासूम की हत्या करने वाली मां को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** पालकोट थाना छेत्र के कोलेंग गांव में घटित हुए चर्चित घटना जिसमे एक कलयुगी माँ संगीता टेटे ने अवैध प्रेम सम्बंध के कारण अपने ही डेढ़ वर्षीय कलेजे के टुकड़े आकाश टेटे को नदी में डुबो कर मारने के बाद उसके शव को बालू में गाड़ दी थी। घटना के तीन माह बाद पुलिस ने मासूम के शव को उसके मां के निशानदेही पर तोरपा नदी से बरामद किया था। साथ ही आरोपी मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अब घटना के चार साल बाद अदालत का फैसला सामने आया है। मामले को लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने ध्रुव चंद्र मिश्रा की अदालत ने घटना को रेयरेस्ट ऑफ रेयर करार देते हुए आरोपी मां संगीता टेटे को आइपीसी की धारा 302 और 201 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना भी लगाया है। इस पूरे मामले में पुलिस और मजिस्ट्रेट समेत कुल 14 लोगो की गवाही हुई है। साथ ही एफएसएल की रिपोर्ट व साक्ष्य को मजबूती के साथ प्रस्तुत किया गया है। सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक अभय कुमार रजक ने पैरवी की। साथ ही सरकारी गवाहों की गवाही में उन्होंने कोई कसर नही छोड़ा। बताया जाता है कि पालकोट प्रखंड के कलिगा गांव निवासी संगीता टेटे का एक व्यक्ति के साथ अवैध प्रेम संबंध था। इस अवैध प्रेम संबंध को लेकर उसने अपने डेढ़ वर्षीय बेटे आकाश टेटे को तोरपा नदी के किनारे ले जाने के बाद नदी में डुबो कर हत्या कर दी थी। साथ ही साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को नदी की खुदाई कर बालू के अंदर दफन कर दिया था। इधर बेटे की हत्या किये जाने के बाद वह घर पहुच कर चैन से जीवन व्यतीत कर रही थी। जबकि उसका पति साधु टेटे बेटे की तलाश में परेशान था। काफी खोजबीन के बाद भी जब बेटा नहीं मिला था तो उसने पालकोट थाना पहुंच कर गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराकर खोजबीन की गुहार लगायी थी। इसके बाद पुलिस खोजबीन में जुट गई थी। तभी अनुसंधान के क्रम में बेटे के खोजबीन के दौरान मां की चुप्पी पुलिस को उसके ऊपर शक बढ़ा रही थी। तभी पुलिस ने मां को केंद्र बिंदु में रखकर अनुसंधान आगे बढ़ाया था। साथ ही मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। शुरूवाती पूछताछ में ही मां टूट पड़ी थी। साथ ही बेटे की हत्या किये जाने और शव को बालू में दफन कर दिये जाने की जानकारी दी थी। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन माह बाद बेटे का शव तोरपा नदी के समीप बालू में गड़ा हुआ बरामद किया था। शव नरकंकाल के रूप में तब्दील हो गया था। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में खुदाई कर कंकाल को बरामद किया गया था। घटना स्थल से मां का चूड़ी भी बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने मां का स्वीकरोति बयान लेकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि उसके पति साधु का बीमारी से मौत हो गया था। पूरे मामले को लेकर न्यायालय में सुनवाई के दौरान पुलिस ने शव बरामदगी के समय उपस्थित मजिस्ट्रेट के लघु हस्ताक्षर होने के कारण उनकी गवाही नहीं हो पा रही थी, लेकिन लोक आयोजक अजय कुमार रजक ने न्यायालय के अभिलेखों और घटना की तिथियों की गहनता से पड़ताल के बाद उक्त मजिस्ट्रेट विधुती मंडल (घटना के समय पालकोट बीडीओ थे)को न्यायालय में गवाही कराई। और उस समय जप्त किये गये प्रदर्शन की न्यायालय में प्रस्तुति कराई। दर्जन से अधिक गवाहों की गवाही के बाद न्यायालय ने हत्यारोपी कलयुगी माँ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## बाइक की टक्कर में दो लोगों की हुई मौत

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के सीसी करम टोली पंचायत अंतर्गत रोशनपुर के समीप शुक्रवार दोपहर के 1:30 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर होने के कारण बीतरी गांव निवासी राहिल कुमार उम्र 17 वर्ष की मौके पर मौत हो गयी। वही अनीश लकड़ा 17 वर्ष, शिवचरण लोहार 27 वर्ष, जूलियस केरकेट्टा 40 वर्ष,व रवि केरकेट्टा 17 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है। एक्सीडेंट होने के बाद घटनास्थल पर काफी भीड़ जुट गयी। वही घायलों को इलाज के लिए चैनपुर स्वास्थ उपकेंद्र भेजा गया। ज्ञात हो कि मृतक राहिल जारी स्कूल का 10वीं का छात्र था। वही मृतक में एक जारी प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा का भतीजा अनीश लकड़ा भी शामिल है। मामले की जानकारी होते ही जारी पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। साथ ही दोनों मोटर साइकिल को थाना ले आई।

## बीएसएनएल दिवस पर आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता और विशेष छूट शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बीएसएनएल रांची एसएसए द्वारा बीएसएनएल दिवस के अवसर पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में डालटनगंज, हजारीबाग, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रामगढ़, चतरा और रांची के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सेंट पैट्रिक स्कूल, गुमला के छात्रों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर गुमला जिले का नाम गौरवान्वित किया। अन्य प्रतिभागियों ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को सेंट पैट्रिक स्कूल, गुमला में आयोजित किया गया। इसके साथ ही, बीएसएनएल गुमला में ग्राहकों के लाभ के लिए एक विशेष छूट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कई स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। 18, 27 और 30 जनवरी 2025 को मुख्य टेलीफोन एक्सचेंज, पालकोट रोड, गुमला और 23 जनवरी 2025 को सिसई टेलीफोन एक्सचेंज में शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर में ग्राहकों को पुराने बकाया बिलों पर 50% तक की छूट प्रदान की जायेगी। साथ ही बिल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया जायेगा।

## झांगुर गुट सुप्रीमो रामदेव उरांव का मुख्य सहयोगी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झांगुर गुट सुप्रीमो रामदेव उरांव के मुख्य सहयोगी संतु उरांव 36 वर्ष गांव नौनी थाना घाघरा को बिशनपुर थाना क्षेत्र के देवरागाणी से बिशुनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार संतु उरांव कांड संख्या 28 /2022 का आरोपी था कांड उपरांत पुलिस लगातार लगातार आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही थी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि लोगां महुआ टोली निवासी मंगलेश्वर उरांव को धारदार हथियार से अलग कर दिया गया था, जिसमें संतु और अन्य लोग शामिल थे जिसमें कई आरोपियों को पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका था।

## जिले के 140 दिव्यांग बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला प्रशासन के समावेशी शिक्षा प्रभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार आज शुक्रवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों को गुमला जिले के प्रमुख शैक्षणिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विज्ञान केंद्र, पालकोट का किला, गोबर सिली और ऋषिमुख पर्वत का दौरा किया। इस विशेष कार्यक्रम में 140 दिव्यांग बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, सभी प्रखंडों के रिसोर्स शिक्षकों ने भी इस भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधीक्षक के नेतृत्व में किया गया, जबकि आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था समावेशी शिक्षा प्रभाग प्रभारी डॉ मीतू सिन्हा द्वारा सुनिश्चित की गयी। यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम बच्चों के ज्ञानवर्धन और मानसिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। गुमला जिला प्रशासन समावेशी शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा।

## शोकाकुल से मिलने पहुंची जिप अध्यक्ष, बंधाया ढांढ़स

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत और उनके परिवार वालों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इस क्रम में जिला परिषद अध्यक्षा ने बॉबी भगत से उनके पुत्र की आत्महत्या करने से संबंधित जानकारी ली। बॉबी भगत ने बताया कि उसका पुत्र काफी सरल स्वभाव का था। इस तरह की घटना को वह कैसे कर दिया सभी सदमे में है सभी सोच में है। जिला परिषद अध्यक्षा ने कहा कि यह एक अपूरणीय क्षति है। इस दुख के घड़ी में हम सभी परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर जोगेंद्र भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सुशीला मिंज ने गांव के ही सुनील मिंज पर मारपीट का आरोप लगाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत हंसलता अंबा टोली निवासी सुशीला मिंज ने गांव के ही सुनील मिंज पर मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट की घटना में वह घायल हो गयी। सदर अस्पताल में इलाज के बाद शुक्रवार को गुमला थाना में लिखित शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगायी है। थाना को दिये गये आवेदन में सुशीला ने कहा है कि पिछले 12 जनवरी दिन रविवार की शाम गांव के खलिहान में भैंस की चरवाही कर रही थी। तभी सुनील मिंज वहां पहुंचा और लाठी से उस पर वार कर दिया। पहला लाठी उसके सिर पर लगा। दूसरा लाठी के वार को हाथ से रोकी तो उसका दो अंगुली टूट गया। थाना में केस करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। वह काफी डर गई। जान की सुरक्षा को देखते हुए शुक्रवार को गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

## आवासीय विद्यालय के छात्रों के बीच जिला प्रशासन ने किया खेल सामग्री किट का वितरण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के छह विभिन्न आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के 455 खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिनके द्वारा खिलाड़ियों को यह सामग्री प्रदान की गयी। इस वितरण कार्यक्रम में फुटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी सहित विभिन्न खेलों से जुड़े प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, जिला खेल पदाधिकारी गुमला, और अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों और अधिकारियों ने खेलों के महत्व पर अपने विचार साझा किए और गुमला जिले को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। यह पहल गुमला प्रशासन की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## सीरा सीता धाम में लगेगा राजकीय मेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित पर्यटन स्थल सीरा सीता धाम में फरवरी माह के प्रथम गुरुवार को आयोजित होने वाले मेले को राजकीय मेला घोषित किया गया है। इस मेले के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु आज शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुमला के नया समाहरणालय भवन, चंदाली स्थित सभागार में एक विशेष बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपायुक्त महोदय ने मेले के सुचारू आयोजन के लिए निम्नलिखित आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना, साफ-सफाई करवाना, शौचालय, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना, एंबुलेंस और चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता, मेले स्थल पर आवश्यक रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण कार्य। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेले में आने वाले किसी भी यात्री को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ चैनपुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, बीडीओ डुमरी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**खनन पट्टाधारियों द्वारा नियमों के अनुपालन, खनन गतिविधियों की वैधता और पर्यावरणीय प्रावधानों की स्थिति की हुई जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने और इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजीव नीरज ने भरनो प्रखंड के करौंदा जोर मौजा स्थित धारित खनन पट्टा क्षेत्रों और क्रशर प्लांट स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खनन पट्टाधारियों द्वारा नियमों के अनुपालन, खनन गतिविधियों की वैधता और पर्यावरणीय प्रावधानों की स्थिति की गहन जांच की गई। टीम ने मौके पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया और अनियमितताओं पर कड़ी नजर रखी। एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई खननकर्ता सीमांकन से बाहर खनन कर रहे हैं और कई मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। सीमांकन का कार्य प्रगति पर है, और जांच पूर्ण होने के पश्चात दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध खनन गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि मिलकर इस दिशा में एक स्वच्छ और कानूनसम्मत व्यवस्था बनाई जा सके। अवैध खनन की शिकायत के लिए जिला खनन विभाग द्वारा जारी किए गए नंबर 9934887613 पर अपनी शिकायतों को साझा करें। जानकारी देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी। इस दौरान अंचल अधिकारी भरनो, जिला खनन पदाधिकारी गुमला और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निरीक्षण कार्य में उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक में अनुकंपा से संबंधित लिये गये निर्णय



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अनुकंपा नियुक्ति, पारस्परिक स्थानांतरण और अन्य प्रशासनिक मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में सामान्य अनुकंपा के तहत एक मामले में स्वीकृति प्रदान की गयी। सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी के बारहंगी सुरंग में मृत्यु से संबंधित तीन अनुकंपा मामलों को जिला स्तर पर स्वीकृत करते हुए गृह विभाग को भेजने के निर्देश दिये गये। उग्रवादी हिंसा से संबंधित एक मामले पर भी स्वीकृति प्रदान कर गृह विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। चौकीदार अनुकंपा से जुड़े पांच मामलों में स्वीकृति प्रदान करते हुए रिक्ति के अनुसार शीघ्र नियुक्ति करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री सेवा संकल्प योजना (एमएससीपी) के तहत 13 मामलों और चौकीदार नियुक्ति के दो मामलों को सत्यापन हेतु जिला लेखा कार्यालय भेजने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, पारस्परिक स्थानांतरण से जुड़े दो मामलों पर भी स्वीकृति दी गयी। उपायुक्त ने इन सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूरा करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, निदेशक डीआरडीए एसडीओ गुमला और अन्य संबंधित पदाधिकारी औरं कर्मी उपस्थित रहे।

